सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग को जापानी टीम आएगी उत्तर प्रदेश, सीएम योगी से राजदूत ओनो ने की भेंट

जापान से कई क्षेत्रों में सहयोग पर सार्थक चर्चा, नई प्रौद्योगिकी में साझेदारी को मिलेगी गति

भास्कर न्यूज | लखनऊ

जापान के राजदूत ओनो केइची ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यहां शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उत्तर प्रदेश और जापान के बीच निवेश, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, मानव संसाधन विकास, कौशल प्रशिक्षण, रोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग को और व्यापक बनाने पर सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जापान के साथ अपने आर्थिक और औद्योगिक संबंधों को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। प्रदेश में जापानी निवेशकों के लिए एमएसएमई से लेकर बड़े उद्योगों तक व्यापक अवसर उपलब्ध हैं और दोनों पक्षों के पारस्परिक सहयोग से इन संभावनाओं को ठोस परिणामों में बदला जा सकता है। एक बयान के अनुसार मुलाकात के दौरान सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत-जापान सहयोग को लेकर विशेष चर्चा हुई। जापानी पक्ष ने बताया कि जुलाई 2026 में जापान के प्रधानमंत्री ताकाइची की भारत यात्रा के दौरान सेमीकंडक्टर को जापान-भारत आर्थिक सुरक्षा सहयोग के पांच प्राथमिक क्षेत्रों में शामिल किया गया है। इसी क्रम में जापानी उद्योग जगत की एक टीम सितंबर के मध्य में सेमीकॉन इंडिया के साथ एचसीएल टेक्नोलॉजीज का दौरा करेगी। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जापान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की सेमीकंडक्टर समिति की बैठक में सहभागिता की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। जापानी पक्ष ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में संभावनाओं का अध्ययन करने के लिए अपनी टीम के उत्तर प्रदेश दौरे की बात कही।

सहयोग की व्यापक संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में जापान की तकनीकी विशेषज्ञता और उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमता के बीच सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापानी कंपनियों के लिए उत्तर प्रदेश में निवेश की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। एमएसएमई से लेकर बड़े उद्योगों तक जापान के

निवेशकों का स्वागत है। प्रदेश का विशाल बाजार, बेहतर कनेक्टिविटी, मजबूत औद्योगिक आधार और तेजी से विकसित हो रहा आधारभूत ढांचा जापानी कंपनियों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध करा रहा है। नोएडा स्थित जापान सिटी इस साझेदारी का महत्वपूर्ण केंद्र है। इसके आसपास प्रमुख औद्योगिक संकुलों और उत्कृष्ट कनेक्टिविटी के कारण निवेश की और भी बड़ी संभावनाएं हैं। यामाहा, डेंसो, एनटीटी डेटा, टोयो इंक और पैनासोनिक जैसी जापानी कंपनियां उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं। मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश और जापान के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर भी विचार हुआ।

एक नजर यहां भी

- वर्ष 2025 में 2.19 लाख जापानी नागरिकों ने भारत की यात्रा की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.5 प्रतिशत अधिक है। उत्तर प्रदेश के बौद्ध, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विरासत पर्यटन स्थलों में जापानी पर्यटकों के लिए व्यापक संभावनाएं हैं। बैठक में भारत और जापान के बीच साझा बौद्ध एवं सांस्कृतिक विरासत को पर्यटन सहयोग की महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में रेखांकित किया गया। सारनाथ और जापान के नारा के बीच बौद्ध एवं सांस्कृतिक संबंध दोनों देशों के ऐतिहासिक जुड़ाव को दर्शाते हैं।
- वर्ष 2027 में भारत और जापान के राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होंगे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश-जापान निवेश बैठक के सिलसिले में इस समय जापान के उद्योग जगत के 200 से अधिक प्रतिनिधियों का दल उत्तर प्रदेश की यात्रा पर है। जापानी निवेशकों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में हुए संवाद के परिणामस्वरूप कई एमओयू (समझौता ज्ञापन) हुए हैं। इन निवेश प्रस्तावों से लगभग 10 हजार रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

यूपी के पास बड़ी संख्या में युवा मानव संसाधनः योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास बड़ी संख्या में युवा मानव संसाधन है और जापानी उद्योगों की जरूरत के अनुरूप इनके कौशल विकास को आगे बढ़ाया जा सकता है। जापान के तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा विशिष्ट कौशल श्रमिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को जापान में काम करने और अंतरराष्ट्रीय कार्य अनुभव प्राप्त करने के अवसर मिल रहे हैं। विनिर्माण, कृषि और नर्सिंग केयर जैसे क्षेत्रों में जापान में उपलब्ध रोजगार अवसरों के लिए उत्तर प्रदेश के युवाओं को तैयार करने पर भी चर्चा हुई। पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

जापानी पक्ष ने सितंबर में आयोजित होने वाले टूरिज्म एक्सपो जापान 2026 में उत्तर प्रदेश की सहभागिता का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की ओर से इसमें सहभागिता की सहमति दी। दोनों पक्षों ने इस आयोजन को उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों को जापानी पर्यटकों और पर्यटन उद्योग के सामने प्रस्तुत करने तथा दोनों देशों के बीच पर्यटन आदान-प्रदान को बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर माना।

काशी में लगातार बढ़ रहा गंगा का जलस्तर, जिला प्रशासन अलर्ट

वरुणा पार इलाके में भी पलायन को लोग विवश, लोगों से सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की अपील

भास्कर ब्यूरो, वाराणसी। गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी से तटवर्ती इलाकों के बाशिंदों में हलचल मची है। जिला प्रशासन बाढ़ की विभिषिका को देखते हुए पूरी तरह से अलर्ट है। गंगा घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर जलपुलिस व एनडीआरएफ के जवान चक्रमण कर बाढ़ की स्थिति पर नजर जमाए हुए हैं। गंगा का जलस्तर बृहस्पतिवार को चेतावनी बिंदु के करीब पहुंच गया। बृहस्पतिवार की रात 10 बजे तक जलस्तर 68.38 मीटर दर्ज किया गया जो चेतावनी बिंदु से महज 1.88 मीटर दूर है। चेतावनी बिंदु 70.26 मीटर और खतरे का निशान 71.262 मीटर है। गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि शुक्रवार की रात तक चेतावनी बिंदु को पार कर जाने की संभावना है। गंगा के जलस्तर बढ़ने के साथ ही वरुणा भी उफान पर है। वरुणा में पानी बढ़ने के कारण सलारपुरा क्षेत्र के 20 से अधिक मकानों में पानी घुस गया। इस कारण लोगों को बाढ़ शिविर व किराये के मकानों में पलायन करना पड़ा। वरुणा पार इलाके में हलचल मची है। कुछ लोग अपने घर की छतों पर ही शरण ले रहे हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए अपील की है। वहीं मणिकर्णिका घाट व हरिश्चंद्र के महाश्मशान पर शवदाह में भी लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मणिकर्णिका घाट की छत पर शवदाह किये जा रहे हैं तो वहीं हरिश्चंद्र घाट की गलियों में शवदाह किये जा रहे हैं। जिससे अंतिम यात्रा में आये लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं शवदाह के यात्रियों का आरोप है कि हरिश्चंद्र घाट पर शवदाह के लिए नाजायज पैसों की मांग की जा रही है।

पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व सीएम कल्याण सिंह

भास्कर ब्यूरो | वाराणसी

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण से सम्मानित कल्याण सिंह 'बाबूजी' की पुण्यतिथि शुक्रवार को रोहनिया केशरीपुर स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय पर श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राम शकल पटेल ने की। उन्होंने बाबूजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राम शकल पटेल ने कहा कि आज के समय में कल्याण सिंह जैसा नेता बनना मुश्किल है। उन्होंने प्रदेश के लिए जो काम कर दिखाया, उसे कोई नहीं कर सकता। भाजपा एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह ने भी कल्याण सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके फैसले आज भी प्रदेश की राजनीति और प्रशासन के लिए मार्गदर्शक हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने कहा कि बाबूजी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके आदर्श और राष्ट्रभक्ति आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेंगे।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव सिंह गौतम, जिला मंत्री अश्वनी पांडेय, संदीप सिंह 'मिंटू', जिला महामंत्री महिला मोर्चा रेखा चौहान, खुशबू सिंह, अशोक सिंह, विनय सिंह, उमाशंकर पटेल, अभिषेक त्रिपाठी, सुरेन्द्र पटेल, अमित पटेल, जगदीश जायसवाल, वीरेंद्र पटेल, अमित सिंह, किशन सिंह, कुलदीप पटेल, अजय पटेल, ओमप्रकाश पटेल, शिवधनी पटेल, नानक पटेल समेत भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संजय सोनकर व समापन मंडल अध्यक्ष रोहनिया प्रदीप प्रजापति ने किया।

पुण्यतिथि पर याद किये गये भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां

भास्कर ब्यूरो | वाराणसी

भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की 20वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को सिगरा स्थित दरगाह फातमान में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उनकी कब्र पर श्रद्धा के फूल चढ़ाए गए और कुरानख्वानी व दुआख्वानी कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के प्रपौत्र आफाक हैदर और रिजवान हैदर ने शहनाई की सुरलहरियां बिखेरकर अपने दादा की संगीत परंपरा को आगे बढ़ाया। वहीं बिलाल अली ने दुक्कड़ वादन कर संगत की। कार्यक्रम संयोजक प्रमोद वर्मा और शकील अहमद जादूगर समेत अन्य लोगों ने उस्ताद बिस्मिल्लाह खां को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य शहनाई वादक पंडित महेंद्र प्रसन्ना ने भी उस्ताद को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

एमएससी की छात्रा के हत्यारे की तलाश में चार टीमें गठित

भास्कर ब्यूरो | वाराणसी

एमएससी की छात्रा श्रेया उर्फ मोनू (22) की सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी विवेक चौबे की तलाश तेज कर दी है। घटना के बाद डीसीपी क्राइम नीतू कादयान ने राजातालाब पुलिस के साथ-साथ पुलिस की चार विशेष टीमों का गठन कर विभिन्न ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है। परिजन का आरोप है कि दूर के रिश्तेदार और चोलापुर 'नियारडीह' निवासी विवेक चौबे ने श्रेया का अपहरण कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने ननिहाल भुवालपुर 'मिर्जापुर' भाग गया और वहां अपनी बाइक व बैग छोड़कर फरार हो गया। श्रेया 18 अगस्त से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता थी, जिसकी गुमशुदगी राजातालाब थाने में दर्ज कराई गई थी। 20 अगस्त को बच्छांव पश्चिमपुरा स्थित एक किराये के कमरे के बाथरूम में उसकी खून से लथपथ लाश बरामद हुई। मृतका के गले पर धारदार हथियार से वार और सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने मौके से मृतका की चप्पल और रस्सी बरामद की है। परिजन के अनुसार श्रेया घर की इकलौती संतान थी। उसकी शादी मिर्जापुर में तय हो चुकी थी, जिसकी 22 नवंबर को रिंग सेरेमनी और 26 फरवरी को शादी होनी थी। शादी तय होने से नाराज होकर आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया। मृतका के चचेरे भाई अंशुमान और पिता सुनील उपाध्याय ने स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

एनटीपीसी NTPC — एन टी पी सी लिमिटेड (भारत सरकार का उद्यम)

जिस किसी से भी संबंधित हो

एनटीपीसी–विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट से पात्र परियोजनाओं जैसे सड़क परियोजनाएँ/माइन बैकफिलिंग एवं ओबी मिक्सिंग/तटीय संरक्षण आदि हेतु फ्लाई ऐश निःशुल्क उपलब्ध कराने संबंधी सूचना (प्रचलित पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना एवं नीति के अनुसार)–वित्तीय वर्ष 2026–27

सूचना संख्या : VSTPS/POND ASH/2026-27/02 दिनांक : 22.08.2026

यह सूचना फ्लाई ऐश उपयोग पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राजपत्र अधिसूचना दिनांक 31.12.2021 के अनुपालन में है, जो सड़क बिछाने, सड़क एवं फ्लाईओवर तटबंधों, तटीय जिलों में तटरेखा संरक्षण संरचनाओं तथा बाँधों जैसी निर्माण गतिविधियों में संलग्न एजेंसियों के लिए है, जो एनटीपीसी विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट से 300 किमी. की परिधि के भीतर हैं।

निर्माण गतिविधियों जैसे सड़क परियोजना/खान बैकफिलिंग एवं ओबी मिक्सिंग/तटरेखा संरक्षण आदि के लिए ऐश की आवश्यकता रखने वाले 300 किमी. की परिधि के भीतर के इच्छुक ऐश उपयोगकर्ता, ऐश आपूर्ति के लिए अपनी आवश्यकता प्रस्तुत कर सकते हैं। एनटीपीसी विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट ऐश 'निःशुल्क' तथा 'जहाँ है, जैसा है' आधार पर आपूर्ति कराएगा तथा परिवहन लागत वहन करेगा।

इच्छुक पक्षों से अनुरोध है कि वे अपनी आवश्यकताएँ निर्धारित मानक प्रारूप में hemantmeena@ntpc.co.in / smpandey@ntpc.co.in पर 01.09.2026 को 18 बजे तक प्रस्तुत करें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया 9413354884 अथवा 9650997385 पर संपर्क करें।

इस सूचना के लिए प्रस्तावित फ्लाई ऐश की मात्रा 'सामान्य जानकारी' में संपर्क विवरण तथा ई–मेल पते सहित उल्लिखित है।

आवेदन कैसे करें

इच्छुक ऐश उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे 'सामान्य जानकारी' में दिए गए ई–मेल पतों पर निर्धारित मानक प्रारूप में अपनी आवश्यकताएँ प्रस्तुत करें।

अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिए 'सामान्य जानकारी' तथा 'आवेदन के लिए मानक प्रारूप' https://ntpctender.ntpc.co.in/ पर अपलोड किए गए हैं।

पंजी. कार्यालय : एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 वेबसाइट www.ntpc.co.in, सीआईएन : L40101DL1975GOI007966

विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

MADHYANCHAL PROFESSIONAL UNIVERSITY

A unit of PATEL Group of Institutions

दैनिक भास्कर 40 वर्ष — 25 YEARS OF EXCELLENCE

GET A DEGREE FROM THE BEST

100+ ACRE CAMPUS | 18LPA HIGHEST PACKAGE | 500+ FACULTIES | 10000+ STUDENTS | 35+ NATIONAL AWARDS | 679+ COMPANIES VISIT

ADMISSION OPEN | For Admissions 94253 00429

ENGINEERING
- Polytechnic (ME / EX / CE / CSE / EE / IT / EC)
- B.Tech. (EC / CSE / CE / ME / EX / Mining)
- M.Tech. (CSE / DC / TE / SS / CTM / STR) • Ph.D

MANAGEMENT
- BBA. • MBA. (Agri Business Management / Rural Management / Marketing / Finance / HR / Entrepreneurship / NGO Management / Hospital Administration / Banking Insurance / IT / Retail Management.) • Ph.D

INFORMATION TECHNOLOGY
- DCA. • PGDCA. • BCA. • B.Sc. (IT / CS)
- M.Sc. (IT / CS) • Ph.D

SOCIAL SCIENCE & HUMANITIES
- B.A. • M.A. (History / Political Science / Economics / Hindi / English / Sanskrit / Geography / Sociology / Psychology / Mass Media & Communication)
- MSW • Ph.D. • Bachelor of Fashion Design.

AGRICULTURE
- Diploma • B.Sc. (Agri) • M.Sc. (Horticulture / Food Technology / Seed Technology / Bio Technology / Agri Economics / Agri Extension)
- B.Tech. • M.Tech. • Ph.D

COMMERCE
- B.Com. (Plain / Tax / Computer / Insurance)
- M.Com. (Plain) • Ph.D

PHARMACY
- D. Pharma. • B. Pharma.
- M. Pharma. (Pharmaceutics) • Ph.D

NURSING
- GNM • B.Sc. (Nursing)

SCIENCE
- B.Sc. (PCM / BIO / CS / IT) • M.Sc. (Botanay / Zoology / Biotechnology / Applied Chemistry / Physics / Mathematics / Statistics / Environmental Science)
- Ph.D. • Bachelor of Animation Multimedia • Bachelor of Graphic Design

EDUCATION
- B.Ed. • M.A. (Education) • Ph.D

PGOI INDORE
- Polytechnic • B.Tech. • M.Tech. • MCA • MBA
- D. Pharma. • B. Pharma

*Admission as per Govt. Norms

SCHOLARSHIPS AVAILABLE | QUALIFYING EXAM | JEE MERIT | SPORTS | GIRLS

Bhopal Campus : Ratibad 97547 30169 | 82699 30959

Indore Campus : Ralamandal 92021 14166 | 85188 88441

www.mpu.ac.in | www.patelcollege.com

SCAN FOR THE WEBSITE

KISNA

DIAMOND & GOLD JEWELLERY

BY HARI KRISHNA GROUP

Celebrate the BONDS That Shine Forever

HAPPY Raksha Bandhan

100% तक की छूट* डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर

50% तक की छूट* गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर

90% बायबैक | 95% एक्सचेंज — डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज सहित

Khushi ke har pal ke liye KISNA

अपना पुराना सोना एक्सचेंज करें ₹105% मूल्य* डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर

डबल रेट सुरक्षा* — सिर्फ 25%* डाउन पेमेंट के साथ अपनी कीमत सुरक्षित करें — यह योजना सोने और चाँदी के सिक्कों पर लागू नहीं है।

फ्रेंचाइजी पूछताछ के लिए | franchise@kisna.com | 91524 84423

हमारे मौजूदा एक्सक्लूसिव शोरूम : कटनी - बरगवां | भोपाल – 10 नंबर मार्केट | अयोध्या बाय-पास | डीबी मॉल | मालवीय नगर | ग्वालियर – दौलत गंज | डीबी सिटी मॉल | इंदौर – एबी रोड | एमजी रोड | सपना संगीता रोड आगामी शोरूम : जबलपुर

किसना अब पूरे भारत में 160+ एक्सक्लूसिव शोरूम्स और 1,500 से अधिक शॉप-इन-शॉप आउटलेट्स में उपलब्ध है। www.kisna.com